# बेटियां फिर आगे : जिले के कक्षा 10वीं के 8 और कक्षा 12वीं के 5 विद्यार्थी प्रदेश की टॉप-10 सूची में शामिल



नवभारत,दमोह.एमपी बोर्ड परीक्षा में जिले के 13 छात्रों ने कक्षा 10वीं और 12वीं की परीक्षा में प्रदेश की टॉप-10 सूची में अपना स्थान बनाया है. जिसमें बेटियों की संख्या काफी अधिक है,वह छात्रों से काफी आगे निकलकर प्रदेश की टॉप-10 सूची तक पहुंची है. बुधवार दोपहर माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और शिक्षा मंत्री की विशेष उपस्थिति में कक्षा दसवीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए गये.दमोह जिले में कक्षा दसवीं में आठ छात्रों ने प्रदेश की टॉप टेन सूची में बाजी मारी है. वहीं कक्षा 12वीं में पांच छात्र-छात्राओं ने अपना स्थान बनाया है. सभी छात्रों-छात्राओं की उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने शुभकामनाएं दी हैं. साथ ही जिस स्कूल में बच्चे पढ़ते हैं वहां के प्राचार्य ने भी उन्हें शुभकामनाएं देकर उनका मार्गदर्शन किया है. अब सभी छात्र अपने आने वाले भविष्य की तैयारी में जुट गए हैं. उनका कहना है कि उनके माता-पिता ने उनके लिए जो सपना देखा था,वह पूरा करने का समय आ गया है.उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य आरपी पटेल, मनीष नेमा, शैलेंद्र दुबे, संजय दुबे, राजेश गुप्ता, जीपी रैदास, आदित्य चौरसिया, कमलेश सेन, रिचा धटक,सुश्री रशिम असाटी,युक्ती सराफ राजधर पटेल के अलावा और भी शिक्षक गण शिक्षक शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा.कक्षा दसवीं में दमोह जिले से आठ छात्रों ने प्रदेश की टॉप 10 सूची में अपना स्थान बनाया है.

## 10वीं में यह आठ छात्र-छात्राएं रहीं मेरिट में...

### सशिमं पथरिया छात्र का छठवां स्थान



कक्षा दशम में प्रदेश की प्रावीण्य सूची में छटवा स्थान पानी वाले परशुराम पटेल ने विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरिया का नाम रोशन कर परचम लहराया है.(494) 98.8 प्रतिशत प्राप्त किय हैं.

---------------

### जबेरा छात्रा सुचिता मिश्रा ने रचा इतिहास, प्रदेश में सातवां स्थान किया हासिल





जबेरा क्षेत्र से एक गौरवपूर्ण खबर सामने आई है.शासकीय सांदीपनि विद्यालय जबेरा की कक्षा दसवीं की छात्रा सुचिता राजेश मिश्रा ने मध्य प्रदेश बोर्ड परीक्षा में टॉप-10 में सातवां स्थान प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है. सुचिता मिश्रा ने 500 में से 493 अंक हासिल किए.सुचिता, राजेश मिश्रा की पुत्री हैं और उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है. उनकी इस सफलता पर परिवार, विद्यालय और स्थानीय लोगों में उत्साह देखा जा रहा है.अपनी इस उपलब्धि का श्रेय सुचिता ने अपने माता-पिता, परिवारजनों के साथ-साथ विद्यालय के प्राचार्य संजय बाजपेई,उपप्राचार्य अजय सिंघई तथा दमोह जिले के पूर्व कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को दिया. उन्होंने कहा कि जब भी उन्हें आवश्यकता पड़ी, इन सभी का उन्हें पूरा सहयोग मिला.सुचिता ने विद्यालय के सभी शिक्षकों के प्रति भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन और सहयोग के बिना यह सफलता संभव नहीं थी.यह उपलब्धि न केवल सुचिता के परिवार के लिए, बल्कि पूरे दमोह जिले के लिए गर्व का विषय है.

------------------



सरस्वती शिशु मंदिर हिंडोरिया के छात्र शिवम पिता चंद्रभान पटेल 492 अंक लाकर प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है.जहां स्कूल के प्राचार्य देवेंद्र खरे और शिक्षकों ने बधाई,शुभकामनाएं दी.

---------------




मॉडल स्कूल हटा में अध्यनरत संस्कार पिता कैलाश पटेल ने 492 अंक प्राप्त कर प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त किया है.जहां स्कूल के प्राचार्य और क्षेत्रीय विधायक का उमा देवी खटीक ने बधाई शुभकामनाएं दी.

---------------



नवजाग्रति स्कूल की छात्रा ओजल पिता डॉ अमित कुमार जैन ने 491 अंक हासिल कर प्रदेश में नौवां स्थान प्राप्त किया.स्कूल की प्राचार्य रुबीना डेनियल और शिक्षक जितेंद्र श्रीवास्तव ने बधाई,शुभकामनाएं दी.

---------------



एक्सीलेंस (उत्कृष्ट विद्यालय) दमोह के छात्र सौरभ पिता गौतम अहिरवार ने 490 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया.कक्षा दसवीं में दसवां स्थान हासिल करने वाले सौरभ अहिरवार ने बताया कि उसके पिता मजदूरी करते हैं और माता ग्रहणी है.वह प्रतिदिन चार घंटे पढ़ाई करता था और आगे मैथ्स विषय से पढ़ना पढ़ना चाहता है.

---------------



कक्षा दसवीं की छात्रा दीक्षा पिता रविंद्र लोधी निवासी मुड़िया ने प्रदेश की टॉप- 10 सूची में नाम दर्ज कर 490 अंक प्राप्त कर दसवां स्थान प्राप्त किया है.यह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुड़िया की छात्रा हैं.मुड़िया स्कूल की प्राचार्य अजीता शुक्ला और स्टाफ ने छात्रा दीक्षा को बधाई,शुभकामनाएं दी.

-----------------

### पटेरा के छात्र लोकेंद्र पटेल ने रचा इतिहास,10वीं में 98 प्रतिशत के साथ टॉप टेन में स्थान



सीएम राइज स्कूल पटेरा के होनहार छात्र लोकेंद्र पटेल(पिता द्र लीलाधर पटेल,निवासी सांगा) ने कक्षा 10वीं की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 98 प्रतिशत अंक (490 अंक) प्राप्त कर टॉप टेन सूची में अपना स्थान बनाया है.लोकेंद्र की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे समाज, पटेरा क्षेत्र और दमोह जिले का नाम रोशन किया है.विशेष बात यह है कि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में रहकर कड़ी मेहनत और लगन से यह सफलता हासिल की है.उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों, शिक्षकों व क्षेत्रवासियों में हर्ष का माहौल है.सभी ने लोकेंद्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें ढेरों बधाइयां व शुभकामनाएं दी हैं.

## 12वीं में यह छात्र रहे टॉप...

---------



नवजाग्रति स्कूल की छात्रा छवि पिता संजय अग्रवाल दमोह ने वाणिज्य विषय से 488 अंक हासिल कर तीसरा स्थान प्राप्त किया.कक्षा 12वीं की छात्रा छवि अग्रवाल ने बताया कि वह आगे चलकर चार्टर अकाउंटेंट का कोर्स करना चाहती हैं.

---------------------



राजेंद्र पाठक मेमोरियल स्कूल हिडोरिया की छात्रा उजमा फातिमा पिता मुवस्सिर खान ने जीव विज्ञान से 487 अंक हासिल कर पांचवा स्थान प्राप्त किया. जहां सरपंच रोहन पाठक ने बधाई,शुभकामनाएं दी.

--------------



अपने मामा भागीरथ कुर्मी खजरी के यहां रहकर कक्षा 12वीं में एक्सीलेंस स्कूल की छात्रा निधि पिता सुखनंदन कुर्मी मुड़िया/लक्षमनकुटी ने कला संकाय में 484अंक हासिल कर छठवां स्थान प्राप्त किया.

------------------



एक्सीलेंस स्कूल की छात्रा प्रगति पिता सुदामा मां रजनी असाटी असाटी वार्ड-1दमोह ने मैथ्स विषय में 485 अंक हासिल कर आठवां स्थान प्राप्त किया.12वीं कक्षा की छात्रा प्रगति असाटी ने बताया कि जो कुछ उन्हें क्लास में पढ़ाया जाता था, वह प्रतिदिन 5 घंटे घर में रिवाइज करती थी. मम्मी पापा का पूरा सहयोग मिला है.वह दोनों पोस्ट ऑफिस में निजी काम करते हैं. प्रगति आगे सिविल सर्विसेज की तैयारी करना चाहती हैं.

--------------------




नवजागृति स्कूल की छात्रा राजनंदनी पिता लखन लाल पटेल ने बायोलॉजी विषय से 482 अंक हासिल कर दसवां स्थान प्राप्त किया. कक्षा 12वीं की एक अन्य छात्रा राजनंदनी ने बताया कि प्रतिदिन 3 घंटे पढ़ाई करती थी और जो स्कूल में पढ़ाया जाता था उसका रिवीजन करती थी. उनके पिता फर्नीचर का कारोबार करते हैं आगे अब वह परिवार में विचार विमर्श कर आगे की तैयारी करेंगी.

### ग्राम पांजी की बेटियों की बोर्ड रिजल्ट में शानदार उपलब्धि



हटा क्षेत्र के ग्राम पांजी की बेटियों की बोर्ड रिजल्ट में शानदार उपलब्धि हासिल की.प्रिंसी पिता नरेन्द्र राय,ने कक्षा 12वीं (गणित संकाय)से 96.4प्रतिशत अंक किए अर्जित.शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय,हटा में प्रथम स्थान प्राप्त किया.मानसी पिता ज्वाला प्रसाद राय,ने कक्षा 10वीं में 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए.

### राधिका ने कक्षा 10वीं परीक्षा में 95.8 अंक प्राप्त किये



तेजगढ निवासी दिनेश कुमार असाटी की पुत्री व अरविंद कुमार असाटी (अध्यक्ष असाटी समाज समीति) की भतीजी कुमारी राधिका असाटी ने कक्षा - 10 वी वोर्ड परीक्षा मे 95.8 अंक प्राप्त कर अपने परिवार एवं समाज का नाम रोशन किया.

### सभी दे रहे हैं बधाई और शुभकामनाएं

जहां दमोह के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार, मप्र शासन के पशुपालन व डेयरी विभाग मंत्री लखन पटेल, मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, दमोह सांसद राहुल सिंह, डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक दमोह जयंत मलैया, विधायक उमादेवी खटीक, जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल,नगर पालिका की अध्यक्ष मंजू वीरू राय, जिला पंचायत की उपाध्यक्ष डॉ मंजू धर्मेंद्र कटारे, जनपद पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति राजू कमल ठाकूर, दमोह के कलेक्टर प्रताप नारायण यादव, दमोह के पूर्व कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी, डीएफओ ईश्वर जरांडे,जिपं सीईओ प्रवीण फुलपगारे,शिक्षा विभाग के एसके नेमा डीपीसी मुकेश कुमार द्विवेदी, शिक्षा विभाग के समस्त शिक्षक गण, शहर और जिले वासी बधाई,शुभकामनाएं दे रहे है...

### टॉप 10 सूची में स्थान बनाया : एसके नेमा

जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा ने कहा कि यह बहुत ही गौरव का विषय है कि दमोह जिले के 13 छात्रों ने प्रदेश की टॉप 10 सूची में अपना स्थान बनाया है.इस बार दमोह जिला 51नंबर पर आया है उन्होंने सभी सफल छात्रों को अग्रिम भविष्य की शुभकामनाएं दी है.

### कक्षा 12वीं में अजीत प्रथम, 10वीं में दीक्षा ने बाजी मारी





कुम्हारी नवभारत 15 अप्रैल। कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित किया गया, जिसमें शासकीय उच्चतर विद्यालय कुम्हारी के कक्षा 12वीं में अजीत जैन ने 91.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरा स्थान निकिता लोधी 82%, तृतीय स्थान राजकमल जैन ने 81% अंकों के साथ हासिल किया। कक्षा दसवीं में दीक्षा लोधी ने 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान सोनाली लोधी 92.02%, तृतीय स्थान 90.3 प्रतिशत अंकों के साथ हासिल किया। विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों, स्वजनों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

----------



### परसुराम ने प्रावीण्य सूची में हासिल किया स्थान

नवभारत,पथरिया 15 अप्रैल। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा आयोजित दसवीं एवं बारहवीं परीक्षा परिणामों की बुधवार सुबह 11:00 बजे घोषणा की गई। इसमें शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय पथरिया की कक्षा 10 वीं में माही ने 94% वहीं कक्षा 12वीं में कला समूह में स्नेहा राजपूत ने 95.6 और वरिष्ठ पत्रकार सुरेश नामदेव की पुत्री काजल नामदेव 94.8% अंक हासिल किए। सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पथरिया के उदीयमान छात्र परसुराम पटेल ने 500 में से 494 अंक लाकर प्रदेश की प्रावीण्य सूची में छठवां स्थान पर बेहतरीन उपलब्धि प्राप्त की।

---------------

### कलेक्टर यादव ने दी शुभकामनाएं



माध्यमिक शिक्षा मण्डल के परिणाम में जिले के 13 विद्यार्थियों ने मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है।हाई स्कूल में 8 व हायर सेकेंडरी में 5 विद्यार्थियों ने टॉप-10 में स्थान हासिल किया.कलेक्टर प्रताप नारायण यादव ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.



## जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण का प्रशिक्षण प्रारंभ

नवभारत,हटा/दमोह.देश में पहली बार हो रही डिजिटल जनगणना 2027 के प्रथम चरण 34 प्रश्नों के आधार पर मोबाइल पर एचएलओ ऐप द्वारा किए जा रहे मकान सूचीकरण का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन चार्ज अधिकारी तहसीलदार डॉ आलोक जैन, राजेंद्र खरे,सहायक चार्ज अधिकारी नायब तहसीलदार राजेश सोनी के निर्देशन में जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान प्रारंभ हुआ संस्थान के तीन कक्षों में आयोजित किए जा रहे प्रशिक्षण में प्रत्येक कक्ष में 50-50 प्रति भागी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं जिसमें जनगणना प्रगणक एवं पर्यवेक्षको को प्रशिक्षण दिया जा रहा है स्मार्ट कक्ष एवं नया हाल में ग्रामीण क्षेत्र के प्रगणकों,पर्यवेक्षकों व पुराने हाल में नगरीय क्षेत्र के प्रगणकों पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## पटेरा में जनगणना 2026 के प्रथम चरण की ट्रेनिंग सम्पन्न

नवभारत,पटेरा/दमोह. मॉडल बेसिक स्कूल पटेरा में आज जनगणना 2026 के प्रथम चरण के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान तीन बैचों में कुल 145 अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया, साथ ही 15 जनगणना सुपरवाइजरों को भी प्रशिक्षित किया गया।प्रशिक्षण जिला स्तर से नियुक्त मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया गया। प्रशिक्षण में अधिकारियों को बताया गया कि जनगणना के दौरान प्रत्येक घर में निवासरत परिवारों की विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी, जिसमें उनके संसाधनों, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति तथा जीवन स्तर से जुड़ी जानकारियां शामिल होंगी.

## एमएलबी स्कूल दमोह का शानदार बोर्ड परीक्षा परिणाम

नवभारत,दमोह.माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षा परिणाम 2026 में एमएलबी स्कूल दमोह ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए एक नई उपलब्धि हासिल की है। विद्यालय की 06 से अधिक छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर न केवल स्कूल बल्कि जिले का नाम भी रोशन किया है।कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में तुलसा पटेल ने 94 प्रतिशत मुस्कान चौरसिया ने 91प्रतिशत और श्रद्धा दुबे ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता दर्ज की। वहीं कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में दीक्षा सोनी ने 94 प्रतिशत शिक्षा सोनी ने 93 प्रतिशत तथा तान्या पटेल ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय का परिणाम और भी खास रहा क्योंकि पांच विषयों में शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया गया।जिले के सबसे प्राचीन विद्यालयों में से एक एमएलबी स्कूल दमोह में शैक्षणिक उन्नयन के लिए कई नवीन प्रयोग किए गए, जिनका सकारात्मक परिणाम अब सामने आया है।विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर के अथक प्रयासों और शिक्षकों की मेहनत से यह सफलता संभव हो पाई है।



सैंट जॉन्स स्कूल का शानदार परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन शहर के प्रतिष्ठित सैंट जॉन्स स्कूल ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक स्तर को साबित करते हुए इस वर्ष भी शानदार परीक्षा परिणाम प्रस्तुत किया है.विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में बेहतरीन अंक प्राप्त कर न केवल अपने माता-पिता, बल्कि स्कूल का भी नाम रोशन किया है.इस वर्ष परीक्षा में सृष्टि साहू ने 98.6 प्रतिशत (493 अंक) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया.

## जेपीबी विद्यालय दमोह ने शत-प्रतिशत परिणाम दर्ज किया

शासकीय ई.एफ.ए.जे.पी.बी.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह का परीक्षा परिणाम अपेक्षा के अनुरूप रहा.प्राचार्य डीके मिश्रा व शरद मिश्रा ने बताया कि कक्षा दसवीं में नौ छात्राओं के अंक 90 प्रतिशत से अधिक आए कुछ छात्राएं दो तीन अंको के अंतर से प्रवीण सूची में आने से चूक गई. कक्षा दसवीं में दुर्गा पटेल 97.4,तहरीन खान 95.8 प्रतिशत, हेमलता काछी 95.4 प्रतिशत, महिमा जैन 94.4 प्रतिशत,बेबी पटेल 93.4 प्रतिशत, मीनाक्षी पटेल 93 प्रतिशत ,प्राची लोधी 94 प्रतिशत,देविका कुर्मी 91.1 प्रतिशत, लेकर प्रथम 9 स्थान में रही.इसी प्रकार कक्षा 12वींकला संकाय का परीक्षा परिणाम, 72 प्रतिशत तथा 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली छात्राएं जानकी पटेल 95 प्रतिशत, रोहिणी पटेल 94 प्रतिशत, प्रज्ञा पटेल 91 प्रतिशत, अंजुम खान 91 प्रतिशत,रही.

## एक नजर में



### कलेक्टर ने समन्ना खरीदी केन्द्र का लिया जायजा

नवभारत,दमोह।कलेक्टर प्रताप नारायण यादव गेहूँ खरीदी केन्द्र समन्ना पहुँचे। उन्होंने यहां मौजूद किसानों से चर्चा की और यहां मौजूद किसानों का फूल माला और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।किसानों से चर्चा की, स्लॉट बुकिंग के सबंध में जानकारी ली और मौजूद अधिकारियों को इस सबंध मे आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इस मौके पर एसडीएम दमोह सौरभ गंधर्व और डिप्टी कलेक्टर व प्रभारी खाद्य अधिकारी रचना प्रजापति विशेष रूप से मौजूद रही।कलेक्टर श्री यादव ने कहा गेंहूँ खरीदी केन्द्रों मे मूलभूत सुविधाए सभी जगह सुदृण सुनिश्चित हो, किसानों को किसी तरह की असुविधा ना हो, यहां मौजूद सर्वेयर से चर्चा की और परिचय पत्र धारण करने तथा खरीदी निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप हो सुनिश्चित किया जाये।आज समन्ना खरीदी केन्द्र में 23 किसानों स्लॉट बुकिंग



### पड़री सहजपुर केंद्र में गेहूं खरीदी शुरू

कुम्हारी नवभारत 15 अप्रैल।कुम्हारी से जुड़े देवरी रतन के पास गेहूं उपार्जन केंद्र में किसानों से 2625 रुपये प्रति क्विंटल के दाम पर खरीदी की जायेगी। इसके तहत किसानों से कहा गया है कि गेहूं में नमी की मात्रा नहीं हो और साफ कर गेहूं केंद्र पर लाये। शासन के दिशा निर्देश के तहत खरीदी का संचालन होगा।उपार्जन केंद्र में बुधवार को खरीदी का शुभारंभ हुआ।इस दौरान किसानों के अलावा जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में उपार्जन केंद्र पड़री सहजपुर में खरीदी शुरू हुई।इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, विधायक प्रतिनिधि खिलान यादव, राकेश साहू, जगदीश यादव, सरपंच गुड्डा ठाकुर, उजियार लोधी, सीताराम परिहार, कृष्ण कुमार दुबे, राम दुबे, डरे पटेल सहित समिति कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## नवागत कलेक्टर ने जिला अस्पताल का लिया जायजा, दिए दिशा-निर्देश

### मरीजों को अच्छा उपचार मिले,कोई परेशानी नहीं हो

नवभारत,दमोह.कलेक्टर प्रताप नारायण यादव बुधवार प्रात:10बजे जिला चिकित्सालय पहुँचे और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का गहन रूप से जायजा लिया.विभिन्न वार्डों के साथ ही दवा वितरण केन्द्र व एमसीएच भवन पहुंचे, यहां पर मौजूद महिलाओं से व्यवस्थाओं के सबंध में संवाद किया.उन्होंने महिलाओं से उनके ओपीडी पर्ची की जानकारी ली,कितने समय के



इंतजार के बाद आपको यहां से ओपीडी पर्ची मिल जाती हैं.कलेक्टर श्री यादव ने सिविल सर्जन डॉं प्रहलाद पटेल से कहा महिलाओं को अनावश्यक इंतजार ना करना पड़े, उन्हें ओपीडी पर्ची शीघ्र मिले और यहां पर महिलाओं के बैठने के लिए बैंच आदि की व्यवस्थाए सुनिश्चित की जाए.इस अवसर पर रमाकांत बाजपेयी,सोनू यादव,एसडीएम सौरभ गंधर्व, सीएमएचओ डॉ.आर.के अठ्याष सिविल सर्जन डॉ प्रहलाद पटेल,एसडीओ पीडब्लूडी वर्षा मिश्रा,नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी,रघुनंदन चतुर्वेदी तहसीलदार,टीआई कोतवाली मनीष कुमार, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ.दिवाकर पटेल, डॉ मनीष संगतानी,डॉक्टर राकेश राय,प्रशांत सोनी,हेमराज, उमेश तंतुवाय,एनके पटैल,मैनेजर सुरेंद्र, सिकंदर खरारे, सहित अन्य रहें.



### फांसी लगाकर युवक ने दी जान

नवभारत,दमोह.जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र का भौरखेड़ा निवासी 26 वर्षीय युवक ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलती मौके पर एएसआई रामकुमार ठाकुर व आरक्षक नारायण ने पहुंचकर बताया कि मृतक बृजेंद्र पिता बहादुर सिंह ने अज्ञात कारणों के चलते खेत में बमूरा के पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जिसके शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कार्रवाई की जा रही है।

## महिलाओं को मिला राजनीतिक सशक्तिकरण का अधिकार

नवभारत,दमोह.नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसे पूर्व विधायक श्रीमती पारूल साहू ने संबोधित किया.इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुमन उपाध्याय, जिला मंत्री श्रीमती श्यामा उरैती, श्रीमती सुधा सेन, श्रीमती विनीता परस्ते, जिला सह कोषाध्यक्ष श्रीमती कुसुम खरे, मीडिया प्रभारी प्रिंस जैन, सह मीडिया प्रभारी श्रीमती सिमरन जैन,अनुसूचित जनजाति मोर्चा



प्रदेश कार्य समिति सदस्य श्रीमती अनीता सिंह व श्रीमती गिरजा साहू मंचासीन रहीं. पारूल साहू ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम केवल एक कानून नहीं, बल्कि वर्षों से लंबित उस संकल्प की पूर्ति है,जो महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई दिशा देगा.नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 को भारतीय लोकतंत्र का ऐतिहासिक और क्रांतिकारी कदम बताते हुए कहा कि देश की आधी आबादी को अब उनका वास्तविक अधिकार मिला है,

**दुर्घटना** एक की मौत दूसरा गंभीर दमोह के लुहर्रा गांव की घटना...

## दुकान पर बैठे दो लोगों को मिनी ट्रक ने मारी टक्कर

नवभारत,दमोह. जिले के हिंडोरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत कादीपुर तिराहा के पास लुहर्रा गांव में बुधवार शाम एक होटल पर बैठे दो लोगों को मिनी ट्रक ने टक्कर मार दी.जिसमें एक की मौके पर मौत हो गई और दूसरे की हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया.जहां प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने उसे जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है. थाना हिंडोरिया प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय ने बताया कि मृतक की पहचान लक्ष्मी पिता तांतु सिंह 60 निवासी लुहर्रा के रूप में हुई है.हिंडोरिया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर



वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है.जानकारी देते हुए लुहर्रा गांव निवासी दयाराम अहिरवार ने बताया कि बुधवार शाम उनके पिता रामलाल 60 और लक्ष्मी सिंह गांव में एक दुकान के बाहर बैठे थे.इसी दौरान सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार मिनी ट्रक ने दुकान की पट्टी पर वाहन चढ़ाकर दोनों को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जोरदार थी की मौके पर ही लक्ष्मी सिंह की मौत हो गई और उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना के बाद मिनी ट्रक का चालक मौके से भाग गया.सूचना मिलते ही हिंडोरिया थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय और पुलिस भी घटनास्थल पहुंची और घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया.घायल के पैर में और सिर में काफी गंभीर चोट है जिसे डॉक्टर विक्रम पटैल ने जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है.पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

### डायल-112 की तत्परता से सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल 3 व्यक्तियों को समय पर मिली सहायता

नवभारत,दमोह. बटियागढ़ क्षेत्र अंतर्गत छोटी छिराई घाटी में रात्रि लगभग 02 बजे सड़क दुर्घटना की सूचना पर डायल-112 की टीम ने तत्परता दिखाते हुए सराहनीय कार्य किया. प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक एवं ट्रक के बीच हुई टक्कर में तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए.उक्त सूचना दिनांक 14 अप्रैल 2026 को राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 भोपाल में प्राप्त हुई. सूचना प्राप्त होते ही दमोह 112 कंट्रोल रूम में तैनात आरक्षक देवेश तिवारी द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना बटियागढ़ में तैनात डायल-112 वाहन थ्ट-14 को मौके पर रवाना किया गया.डायल-112 टीम के आरक्षक 330 राकेश ठाकुर व पायलट कोमल अहिरवार ने मौके पर पहुंचकर देखा कि ट्रक की टक्कर से बाइक खाई में गिर गई थी, जिससे तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे।टीम द्वारा तत्काल सभी घायलों को थ्ट-14 से अस्पताल पहुंचाया गया, जिससे उन्हें समय पर उपचार मिल सका.डायल-112 की इस त्वरित व संवेदनशील कार्यवाही की।